an>

Title: Regarding lack of railway connectivity in Jalaun Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा : हमारे देश में रेल की सुविधाएँ निश्चित ही गरीबों, किसानों और जनता के लिए यात्रा करने का सस्ता साधन है। …(व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु और माननीय मनोज सिन्हा जी ने मेरे जिले में दो नयी रेल लाइनें ज्वाइंट वेंचर के माध्यम से डालने के लिए जो पैसा सैंक्शन किया है, उसके लिए मैं उन्हें बधाई देना चाहूंगा। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि वÂर्ष 1996 में मैं लोक सभा में सांसद चुनकर आया था। उस समय मैंने फफून से जालौन होते हुए कोंच तक नयी रेल लाइन के सर्वे के लिए प्रार्थना की थी। आज वह सर्वे रिपोर्ट पूर्ण हो चुकी है। दूसरा, इटावा से माधोगढ़-जालौन के बीच होते हुए ऊरई तक रेलवे लाइन की सर्वे रिपोर्ट भी पूर्ण हो चुकी है। वे दोनों रिपोर्ट्स रेल विभाग के पास लंबित पड़ी हैं। जालौन नगर के निवासी इन रेल लाइनों को पूर्ण करने के लिए काफी समय से मांग कर रहे हैं क्योंकि जालौन नगर में रेलवे का ऐसा कोई साधन नहीं है, जिससे नगरवासी यात्रा कर सकें। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि फफून से लेकर जालौन-कोंच और भिंड-माधोगढ़ और जालौन होते हुए ऊरई तक नयी रेल लाइन डालना अति आवश्यक है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुंवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।